Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding problems being faced due to human-animal conflict in Uttarakhand -laid.

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर) : मैं उत्तराखंड के राज्य एवं वन बाहुल्य क्षेत्रों की वन्यजीव - मानव (किसान) संघर्ष की गंभीर चुनौती की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। वन्यजीवों के कारण जहां सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गंवाई है, वहीं फसलों को व्यापक नुकसान होने के कारण लोग वहां से पलायन के लिए मजबूर हैं। उत्तराखंड प्रदेश के किसान, वन्यजीवों के आतंक के कारण अपनी खेती कर पाने में असमर्थ हैं। मजबूरी में लोग क्रॉप पैटर्न चेंज (फसल परिवर्तन) पर मजबूर हैं और उनके आगे भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि सरकार इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए समस्त हितधारकों, नीति निर्माताओं, राज्य-केन्द्र सरकारों, कानून विभाग, वन्य विभाग, कृषि विभाग, मीडिया, गैर-सरकारी संगठनों में समन्वय स्थापित करते हुए कारगर अल्पकालिक, दीर्घकालिक कदम उठाए। इसके अतिरिक्त, सरकार सौर ऊर्जा आधारित तार, बाढ़, भूमि उपयोग नियोजन, इको टूरिज्म, पर्यावरण सेवा कर ग्रीन बोनस जैसे सुझावों पर शीघ्र अमल करे तथा किसानों को इस चुनौती से निपटने हेतु प्रशिक्षण देकर क्रॉप चेंज (फसल परिवर्तन) के लिए संसाधन उपलब्ध कराया जाना चाहिए एवं वन्य कानूनों में आवश्यक बदलाव किए जाने की भी आवश्यकता है।